


# भगवान महावीर के जयकारों के साथ निकली अहिंसा रैली

**संस्कार शिविर के प्रतिभागी और विद्वान हुए सम्मानित**



**उज्जैन।** विगत 6 दिनों से चल रहे वर्धमान बाल युवा संस्कार शिविर का समापन भव्य अहिंसा बाल रैली के साथ हुआ। रैली आदिनाथ जिनालय ऋषिनगर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए कालिदास मांटेसरी स्कूल ऋषिनगर पहुंची। इसमें बड़ी संख्या में बालक-बालिकाएं जैन ध्वज थामे जैन धर्म और भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कालिदास मांटेसरी स्कूल में आयोजित समापन समारोह में अतिथियों द्वारा शिविरार्थियों, विद्वानों और सहयोगियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

वर्धमान ग्रुप के अध्यक्ष हितेष बड़जात्या और कोषाध्यक्ष आदिश विनायका ने बताया कि समारोह में क्षेत्रीय संयोजकों, क्लास कॉर्डिनेटर सहित भोजन व पूजन व्यवस्था संभालने वाले संयोजकों का सम्मान किया गया। शिविर में पं. प्रकाश छाबड़ा, अभिषेक जैन शास्त्री, प्रतीक जैन शास्त्री, मयंक शास्त्री, पं. अचिन्त्य पुजारी और प्रिंस शास्त्री का सम्मान किया। इसके पश्चात शिविर समारोह के आमंत्रणकर्ता स्नेहलता सोगानी, निर्मला जैन, अशोक चेतन राणा, कलावती, सुमित जैसवाल, विजय ममता पाटौदी और शैलेन्द्र संगीता जैन को भी सम्मानित किया गया। मंच पर प्रमोद जैन, सुनील बड़गड़िया, माणकलाल गिरिया, यशवंत जैन, संजय पांड्या, पंकज जैन और मनोज पारिख आसीन थे।

**विभिन्न लेवल में यह रहे प्रथम**

वर्धमान ग्रुप के चेयरमैन पंकज रेणु जैन और सचिव राजेश नमिता लुहाड़िया ने बताया कि शिविर के सभी 6 लेवल में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शिविरार्थियों को विशेष पुरस्कार दिए गए। सभा का मंगलाचरण सभी क्षेत्रीय संयोजकों ने और संचालन ज्योति अवतंस जैन ने किया। सफल आयोजन के लिए शिविर प्रभारी प्रतीक चौधरी, विवेक जैन, सलिल जैन, अखिलेश जैन, धवल दोशी, खुशी विनायका ने समाजजनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। पूरे समारोह के सहयोगियों का आभार प्रदर्शन वर्धमान ग्रुप के सचिव राजेश लुहाड़िया ने माना।

# पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया




**नागदा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नागदा नगर मंडल द्वारा नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 21 स्थित पलिया कला सामुदायिक भवन परिसर में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान के मार्गदर्शन में मंडल पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक रूप से पांच पौधे रोपित कर उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया। उपस्थितजनों ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन एवं हरित भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री राकेश यादव, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गहलोत, नपा उपाध्यक्ष सुभाषचंद्र शर्मा, पार्षदगण, मंडल पदाधिकारी, वरिष्ठ नेतृत्व एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण ही समृद्ध भविष्य की आधारशिला है। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन में एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन संभव है। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों से भी पौधारोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आव्हान किया गया।

## एक नजर में

### दो दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण लेने वाले अभ्यर्थियों को दिए प्रमाणपत्र




**घट्टिया।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित संगठन सृजन के तहत उज्जैन में आयोजित दो दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण में महिदपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के दस मंडलम अध्यक्षों ने भागीदारी करते हुए प्रशिक्षण लिया। समापन समारोह में पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह खींची, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी, भूपेंद्र सिंह भीलवाड़ा सहित अन्य अतिथियों ने मार्गदर्शन दिया। शिविर के समापन सत्र में अतिथियों ने जिले के सभी ब्लाक व मंगलम अध्यक्षों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। महिदपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश बगाना, मनजीत सिंह सिसौदिया काजी खेड़ी, शिवनारायण बोरलिया खेड़ा खजूरिया, गोपीलाल आंजना नारायणा, मुकेश कीटिया बरखेड़ा बुजुर्ग, आत्माराम वालैचा शक्कर खेड़ी, महेंद्र सिंह राजपूत मुंडाली दोतरू, अनंत शर्मा जगोटी, अनोखीलाल शर्मा बेलाखेडा घौंसला, दिनेश बारोड कड़ाई, बलवंत राठोड़ जवासिया पंथ को अतिथियों ने प्रमाणपत्र दिए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व विधायक महेश परमार, महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस, जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डॉ. चैनसिंह चौधरी व वरिष्ठ पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को बिदाई दी।

### शिविर में 350 लोगों ने किया रक्तदान

**इंदौर.** बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के तत्वावधान एवं संस्था मानवता की पहचान की मेजबानी में शनिवार को खजराना गणेश मंदिर परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में 350 लोगों ने सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक रक्तदान किया. शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति विनोद अग्रवाल, सांसद शंकर लालवानी, फाउंडेशन की ट्रस्टी वंशिका-तपन अग्रवाल, संस्था मानवता की पहचान के अनुराग सचदेव, मंदिर के मुख्य पुजारी पं. अशोक भट्ट, सतपाल भट्ट, जयदेव भट्ट एवं प्रबन्धक घनश्याम शुक्ला ने दीप प्रज्वलन कर किया. शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने इस वर्ष भी समाजसेवी विनोद अग्रवाल के जन्मोत्सव पर आज से 10 जून तक शहर के चार प्रमुख स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया है. इसका शुभारंभ शनिवार को सुबह खजराना गणेश मंदिर पर हुआ, जहाँ संस्था मानवता की पहचान के अनुराग सचदेव, पंकज परिहार, वैभव जैन, संस्था छवि पारमार्थिक ट्रस्ट के गोपाल गोयल, संदीप गोयल, फाउंडेशन की ओर से प्रवीण मिश्रा, राजू यादव, समाजसेवी बालकृष्ण छाबछरिया एवं छावनी स्थित चमेलीदेवी अग्रवाल डायग्नोस्टिक रेडक्रॉस सेंटर के डॉ. राधिका, मेडिकल स्टाफ एवं अन्य सहयोगी बन्धु भी उपस्थित थे. सुबह से शाम 7 बजे तक चले शिविर में 350 लोगों ने रक्तदान किया। यह रक्त जरूरतमंद मरीजों को चमेलीदेवी अग्रवाल रेडक्रॉस सेंटर के माध्यम से उपलब्ध हो सकेगा. खजराना गणेश मंदिर पर रविवार को भी सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित होगा।

### युवाओं ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**इंदौर.** 34वां वार्षिक पर्यावरण चर्चा सप्ताह सनावादिया गांव स्थित जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट में विश्व पर्यावरण दिवस के प्रेरणादायक समारोह के साथ संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों, पर्यावरणविदों और समुदाय के सदस्यों ने ग्रह की रक्षा और अगली पीढ़ी के लिए टिकाऊ भविष्य बनाने की अपनी साझा जिम्मेदारी पर विचार-विमर्श किया. विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों के समापन सत्र में इंटेलेक्ट हाइट्स एकेडमी स्कूल के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया..उन्होंने जलवायु कार्रवाई, पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ जीवनशैली पर चर्चाओं में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय, इंदौर के कुलपति डॉ. योगेश गोस्वामी और सम्मानित अतिथि के रूप में रसायन विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान की प्रोफेसर डॉ. रंजना गोस्वामी शामिल हुईं. कार्यक्रम में डॉ. जनक पलटा मगिलिगन ने 30 मई से 5 जून, 2026 तक चली पर्यावरण चर्चाओं की रिपोर्ट पेश की. उन्होंने पूरे सप्ताह चली इन चर्चाओं के नतीजों, सामूहिक सीख और लिए गए संकल्पों को बड़े उत्साह के साथ साझा किया.

### कैंसर मरीजों को इलाज में मिलेगी सहायता

**इंदौर.** विशेष ज्यूपिटर हॉस्पिटल ने इंदौर में ज्यूपिटर कैंसर इंस्टीट्यूट का शुभारंभ किया. इंस्टीट्यूट का उद्घाटन संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने किया। कैंसर इंस्टीट्यूट का उद्देश्य उच्च-गुणवत्ता वाली ऑन्कोलॉजी सेवाओं को उन मरीजों के करीब लाना है, जिन्हें विशेष उपचार के लिए अक्सर दूरस्थ महानगरों पर निर्भर रहना पड़ता है. उद्घाटन अवसर पर डॉ. सुदाम खाड़े ने मध्य प्रदेश के मरीजों के करीब उन्नत, संगठित और अधिक किफायती ऑन्कोलॉजी सेवाएं लाने के प्रयास की सराहना की. उन्होंने कहा इंदौर और मध्य प्रदेश के मरीजों व परिवारों के लिए ज्यूपिटर कैंसर इंस्टीट्यूट दूरस्थ महानगरों पर निर्भरता कम करने और घर के नजदीक समय पर, समग्र और मानवीय कैंसर देखभाल तक पहुंच बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. ज्यूपिटर लाइफ लाइन हॉस्पिटल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर व सीईओ डॉ. अंकित ठक्कर, ने कहा ज्यूपिटर कैंसर इंस्टीट्यूट में हमारा विजन सरल है इंदौर के किसी भी मरीज को कैंसर उपचार के लिए बाहर जाने की आवश्यकता न पड़े. ज्यूपिटर कैंसर बोर्ड एक अनूठी पहल है, जो पूरी ऑन्कोलॉजी टीम को एक मंच पर लाकर मरीज को स्पष्ट दिशा देती है. नो क्वेश्चन्स आस्क्ड वित्तीय सहायता कार्यक्रम के साथ हम इंदौर और मध्य भारत के मरीजों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाली कैंसर देखभाल को अधिक सुलभ बना रहे हैं.

# युवाओं और बच्चों को मैदान से जोड़ने की जरूरत : जायसवाल

**अलबेला क्रिकेट क्लब की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित**



**पासलोद।** ग्राम पासलोद में आयोजित 32 टीमों के भव्य नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा नेता विकास जायसवाल ने खिलाड़ियों एवं ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं और बच्चों को मोबाइल की दुनिया से बाहर निकालकर खेल मैदानों की ओर लाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट के साथ-साथ कबड्डी, खो-खो, दंगल, फुटबॉल, हॉकी जैसे पारंपरिक एवं राष्ट्रीय खेलों को भी बढ़ावा देना होगा तभी स्वस्थ एवं सशक्त भारत का निर्माण संभव होगा और ग्रामीण प्रतिभाएं उभरकर सामने आएंगी। उन्होंने अलबेला क्रिकेट क्लब एवं आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं। जिनमें से अब तक 16 टीमों के मुकाबले संपन्न हो चुके हैं। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 12 जून को खेला जाएगा। विजेता टीम को 31 हजार एवं उपविजेता टीम को 16 हजार का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर विकास जायसवाल, सुनील यति, अश्विन जैन, राजेश नाथ लेकोड़ा सहित अन्य अतिथियों का भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत पासलोद के उपसरपंच शकील शाह द्वारा साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अलबेला क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी, ग्रामीणजन एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का शानदार संचालन एवं कमेंट्री अफजल लाला द्वारा की गई।



## आचार्य वैदिक महामनीषी अवॉर्ड से सम्मानित

**इंदौर.** मां भुवनेश्वरी ज्योतिष वास्तु एवं कर्मकांड शोध संस्थान के तत्वावधान में आयोजित दसवें दो दिवसीय अखिल भारतीय ज्योतिष वास्तु एवं कर्मकांड महा सम्मेलन एवं दैवज्ञ सम्मान समारोह में मध्यप्रदेश ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के प्रदेशाध्यक्ष तथा अखिल भारतीय ज्योतिष सस के वरिष्ठ गवर्नर आचार्य रामचंद्र शर्मा वैदिक को सम्मानित किया गया. धर्म,ज्योतिष एवं सनातन धर्म के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं हेतु देशभर के वरिष्ठ ज्योतिष, वास्तु एवं कर्मकांड के विद्वान विशेषज्ञों की उपस्थिति में सारस्वत अतिथि फलित ज्योतिषाचार्य अनिल वत्स, लाल किताब के वरिष्ठ विशेषज्ञ विद्वान जी. डी.वशिष्ठ, हितेश गुरुजी, महामंडलेश्वर प्रेमानंद, विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र महंत एवं शोध संस्थान के डा संतोष भार्गव सहित अतिथि विद्वानों ने शाल, श्रीफल, उत्तरीय,स्व र्ण पदक एवं ज्योतिष विज्ञान के सर्वोत्कृष्ट काल गणना महामनीषी अवॉर्ड से अलंकृत किया.

# सिंहस्थ 2028 से पहले उज्जैन के बौद्ध स्थलों के विकास की मांग

**उज्जैन।** सिंहस्थ कुंभ 2028 के मद्देनजर उज्जैन के ऐतिहासिक बौद्ध तीर्थ स्थलों के संरक्षण और विकास की मांग तेज हो गई है। भोपाल में आयोजित मध्य प्रदेश बौद्ध विरासत संगोष्ठी में उज्जैन बुद्धिस्ट सोसायटी द्वारा मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार श्रीराम तिवारी को इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा गया।

इसमें विशेष रूप से वैश्य टेकरी स्तूप, सोढन और उन्डासा की उचित देखरेख एवं सुचारू संपर्क मार्ग सुनिश्चित करने की मांग की गई है। उज्जैन बुद्धिस्ट सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. हरिबाबू कटारिया और संरक्षक भिक्खु डॉ. सुमेध थेरो द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि इन क्षेत्रों की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है।




**एंसिएंट बुद्धिज्म पत्रिका का विमोचन**

आयोजन के दौरान भारतीय संतों पर थेरवाद बौद्ध धम्म की छाया विषय पर चर्चा हुई और एंसिएंट बुद्धिज्म पत्रिका के 13वें अंक का विमोचन किया गया। संगोष्ठी के आयोजक भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो रहे। मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार और वीर भारत न्यास मध्य प्रदेश के ट्रस्टी सचिव श्रीराम तिवारी ने स्वागत भाषण दिया। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी में देश-विदेश के कई बौद्ध भिक्षुओं, मंत्रियों और विद्वानों की उपस्थिति रही।

# वार्ड क्रमांक 8 में सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण का शुभारंभ

**खाचरौद।** विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान की अनुशंसा पर राज्य शासन की मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के अंतर्गत लगभग 4.90 करोड़ रुपये की लागत से नगर में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 8 की वरवनिया गली में सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ का भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीषा शर्मा, अश्विन डिंडोलकर, रमेश नांदेडा, पार्षद सूर्यप्रकाश शर्मा, पार्षद गोदावरी बंबोरिया, नीतीश कुमार संगीतला, विनोद चतुर्वेदी एवं बंटी जायसवाल तथा भाजपा नेता राधेश्याम बंबोरिया ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इससे राहुल बंबोरिया ने सभी अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। पार्षद गोदावरी बंबोरिया ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं क्षेत्र के विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री अधोसंरचना और केंद्र सरकार की अमृत 0.2 योजना के माध्यम से खाचरौद नगरपालिका को करोड़ों रुपए का आवंटन प्राप्त हुआ है। जिसके कारण खाचरौद नगर में विकास कार्यों को नई गति मिली है। ।इस अवसर पर खाकचौक व्यायाम शाला के उस्ताद सिद्धू पहलवान, गोविंद प्रजापत, रमेश गुलिया, बगदीराम मंडावलिया राधेश्याम नागर, दीपक किलोरिया आदि उपस्थित रहे।






## चित्त में परिवर्तन करती है रामकथा : पं. शास्त्री

**इंदौर.** राम कथा चित्त नहीं, चरित्र परिवर्तन की कथा है. राम कथा चित्त में परिवर्तन करती है. चित्त में बदलाव आएगा तो चरित्र में भी आएगा ही. चित्त भगवान की कथा से जुड़ जाए तो 3 घंटे तक संसार याद नहीं आएगा. राम सच्चिदानंद हैं. राम कथा से तन को पुष्टि, मन को तुष्टि और बुद्धि को दृष्टि मिलती है. ये विचार हैं आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री के, जो उन्होंने शनिवार को विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ की मेजबानी में चल रही श्रीराम कथा में भरत मिलाप एवं वनवास काल के अन्य प्रसंगों की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. न्यास के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा ने बताया कि कथा शुभारंभ के पहले सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला, मुख्य यजमान पुष्पा-अशोक शर्मा, विद्याधाम के आचार्य पं. राजेश शर्मा, कैलाश पाराशर, सुनील भंडारी, गोविन्द शर्मा, राजकिशोर शर्मा आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया. विद्वान वक्ता की अगवानी भारती शर्मा, सरस्वती शर्मा, खुशबू शर्मा एवं मेघा शर्मा सहित मातृशक्ति प्रकोष्ठ की बहनों ने की.

# बांके बिहारी ने सुदामा को किया निहाल, मंदिर में भागवत कथा का विराम

**अतिथि विधायक कालूहेड़ा ने गुरु गोविंद का भजन सुनाया**



**उज्जैन। श्री बांके बिहारी मंदिर में अधिकमास के मौके पर आयोजित भागवत कथा की रविवार को पूर्णाहूति हुई। अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण ने एक मुट्ठी चावल स्वीकार कर मित्र सुदामा को निहाल कर मित्रता का संदेश दिया।**

अंकपात स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में भागवत कथा का आयोजन 1 जून से किया जा रहा था। मंदिर संस्थापक सनातन धर्माचार्य पं. हरिनारायण शास्त्री ने सात दिनों तक भागवत कथा का रसपान कराया। रविवार को अतिथि विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा व वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश पांचाल ने मंदिर पहुंचकर व्यास गादी का पूजन किया। विधायक श्री कालूहेड़ा गुरु गोविंद का भजन सुनाकर गुरुदेव की महिमा का वर्णन किया। कथा के विराम दिवस पर पं. शास्त्री ने शराब का पुरजोर विरोध करते हुए उपस्थित जनसमुदाय से अपील की शराब सेवन विनाश का कारण है। इस कारण अच्छे-अच्छे महल उजड़ गए। विराम दिवस पर सभी को प्रसन्न रहने की टिप्स देकर पं. शास्त्री ने भागवत कथा की पूर्णाहूति की घोषणा की। इस मौके पर उपस्थित जनसमुदाय ने मंगल उत्सव मनाया। मंदिर व्यवस्थापक पं. वासुदेव शास्त्री ने सात दिवसीय कथा के सहयोगियों का सम्मान किया और आभार माना।

## एक नजर

**सांसद उमेशनाथ महाराज के सानिध्य में हुआ ज्येष्ठाभिषेक**

# अलखधाम सांई मंदिर में 251 किलो आमरस से महाअभिषेक

**उज्जैन।** शहर के अलखधाम देवस्थान स्थित साईं मंदिर में रविवार को ज्येष्ठ मास की तपती गर्मी से शीतलता प्रदान करने के लिए बाबा का विशेष आम्राभिषेक और ज्येष्ठाभिषेक किया गया।

इस दौरान बाबा को 251 किलो विभिन्न प्रजातियों के आम के रस और देश की पवित्र नदियों के जल से स्नान कराया गया। महाअभिषेक के पश्चात करीब 1500 श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन के बाद साईं भक्त कार्यकर्ताओं की बैठक में सर्वसम्मति से सुरेंद्र मालवीय को मंदिर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साईं मंदिर ट्रस्ट के ओम बंसल एवं अनूप सिंघल ने बताया कि भगवान के ज्येष्ठाभिषेक की पुरानी परंपरा रही है। इसी के तहत रविवार सुबह 9 बजे पवित्र नदियों के जल और फलों के रस से साईं बाबा का अभिषेक किया गया। इसके लिए 251 किलो हापुस, बादाम, केसर और सिंदूर आम का रस उपयोग किया गया। साईं बाबा के साथ ही भगवान शिव का भी आमरस से अभिषेक हुआ।



**धर्म के कार्यों में दें अपनी कमाई का कुछ अंश**

आयोजन में वाल्मीकि धाम के पीठाधीश्वर एवं राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिक मास में पवित्र नदियों में स्नान करने से जीवन की गलतियों से मुक्ति मिलती है। आयोजन में नारायण यादव, निरंजन चौरसिया और वनराज चौरसिया भी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। महाअभिषेक के पश्चात करीब 1500 लोगों ने महाप्रसादी ग्रहण की।

# पर्यावरण की रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व



**इंदौर.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज के शिव शक्ति सरोवर, नेमावर रोड में पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

मुख्य अतिथि जस्टिस बी. डी. राठी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विश्व का ऐसा देश है जहां महिलाएं प्राचीन काल से ही प्रकृति संरक्षण की परंपरा का निर्वहन करती आ रही हैं. वट वृक्ष, पीपल और तुलसी जैसे पौधों की पूजा कर उनके संरक्षण का संदेश दिया जाता है. प्रकृति हमें भोजन, जल और जीवन की आवश्यक वस्तुएं नि:शुल्क प्रदान करती है, इसलिए उसकी रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है. विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर जी. डी. भिड़े ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है. इस भ्राता सागरमल भाई ने कहा कि प्रकृति हमारे जीवन का आधार है. ब्रह्माकुमारी विका बहन ने सभी उपस्थितजनों को पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा की शपथ दिलाई. सभी ने पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का संकल्प लिया.